प्रादेशिक समाचार
दिनांक– 10.04.2026 (दोपहर–1310 बजे)

मुख्य समाचार

1. **केंद्र सरकार ने राष्ट्रपति की मंजूरी के साथ केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल अधिनियम किया अधिसूचित।**
2. **राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने राज्यसभा के पूर्व उपसभापति हरिवंश को राज्यसभा सदस्य के रूप में किया मनोनीत।**
3. **ट्रेजरी से अवैध निकासी की राशि बढ़कर 33 करोड़ पहुंची, पुलिस मुख्यालय ने सभी जिलों को एक सप्ताह में विस्तृत जांच रिपोर्ट सौंपने का दिया निर्देश।**
4. **रांची यूनिवर्सिटी लीगल स्टडी अनियमितता मामले में झारखंड उच्च न्यायालय ने कमेटी गठन करने का दिया निर्देश, तीन हफ्ते में मांगी रिपोर्ट।**
5. **आईपीएल क्रिकेट में आज, राजस्थान रॉयल्स का मुकाबला रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु से होगा।**

****

केंद्र सररकार ने केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल– सामान्य प्रशासन अधिनियम, 2026 अधिसूचित कर दिया है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने कल इस विधेयक को मंजूरी दी थी। यह विधेयक राजपत्र में प्रकाशित हो चुका है। नए अधिनियम में 50 प्रतिशत पद भारतीय पुलिस सेवा से महानिरीक्षक के पद पर प्रतिनियुक्ति के माध्यम से भरे जाने और न्यूनतम 67 प्रतिशत पद अपर महानिदेशक के पद पर प्रतिनियुक्ति के माध्यम से भरे जाने का प्रावधान है।

****

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने राज्यसभा के पूर्व उपसभापति हरिवंश को राज्यसभा सदस्य के रूप में मनोनीत किया है। श्री हरिवंश का कार्यकाल कल समाप्त हो गया। पूर्व मुख्य न्यायाधीश रंजन गोगोई के राज्यसभा से सेवानिवृत्त होने के बाद श्री हरिवंश को मनोनीत किया गया है। गृह मंत्रालय ने आज इस संबंध में अधिसूचना जारी की।

****

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि देश के युवा, जब कोई काम करने का संकल्प लेते हैं, तो उसे अपने कार्यों से सिद्ध करते हैं। सोशल मीडिया पर संस्कृत सुभाषितम् साझा करते हुए श्री मोदी ने कहा कि भारत की युवा शक्ति के बल पर ही देश विकास के पथ पर तेजी से अग्रसर है।

****

बोकारो और हजारीबाग ट्रेजरी से अवैध निकाली मामले में निकासी की राशि लगातार बढ़ती जा रही है। बोकारो में अवैध निकाली की राशि बढ़कर 6 करोड़ और हजारीबाग में 27 करोड़ रुपये तक पहुंच गई है। इस संबंध में बोकारो के उपायुक्त अजय नाथ झा ने कहा कि मामले की जांच लगातार जारी है और इसमें कई नए नाम सामने आए हैं जिन खातों में पैसे ट्रांसफर किए गए है। उन्होंने बताया कि जिन लोगों के खातों में राशि डालकर निकासी की गई है, उनकी पहचान की जा रही है।

इधर, पुलिस कार्यालयों से संदिग्ध वित्तीय निकासी के मामले सामने आने के बाद झारखंड पुलिस मुख्यालय ने सख्त रुख अपनाया है। पुलिस मुख्यालय ने सभी जिलों और इकाइयों को एक सप्ताह के भीतर विस्तृत जांच रिपोर्ट सौंपने का निर्देश दिया है।

****

महिला एवं बाल विकास मंत्रालय द्वारा 9 से 23 अप्रैल तक 8वां पोषण पखवाड़ा आयोजित किया जा रहा है। इसका उद्देश्य देश में कुपोषण को दूर करना और लोगों में पोषण के प्रति जागरूकता को बढ़ाना है। और जानकारी दे रहे है

****

जनगणना 2027 के प्रथम चरण मकान सूचिकरण को संचालित करने के लिए रांची जिला प्रशासन ने तैयारी तेज कर दी है। प्रशिक्षण दो बैच में विभाजित है, जिनमें 35–35 फील्ड ट्रेनर्स शामिल हैं। तीन दिवसीय प्रशिक्षण में मकान सूचीकरण, मकानों की गणना, डिजिटल डेटा संग्रहण, सीएमएमएस पोर्टल तथा हाउस लिस्टिंग का काम किया जाएगा।

****

केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से रांची की दो महत्वपूर्ण सड़क परियोजनाओं का शिलान्यास किया। केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी को धन्यवाद देते हुए कहा कि देश में सड़क निर्माण तेजी से हो रहा है और वर्ष 2047 तक भारत इस क्षेत्र में विश्व में अग्रणी होगा।

****

झारखंड उच्च न्यायालय में रांची विश्वविद्यालय के इंस्टीट्यूट ऑफ लीगल स्टडी से जुड़ी अनियमितताओं के मामले में सुनवाई हुई। अदालत ने सभी संबंधित पक्षों को विश्वविद्यालय अनुदान आयोग और बार काउंसिल ऑफ इंडिया के नियमों के अनुरूप कॉलेज संचालन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। साथ ही, बार काउंसिल ऑफ इंडिया को एक कमेटी गठित करने को कहा गया है, जो तीन सप्ताह के भीतर कॉलेज का निरीक्षण कर अपनी रिपोर्ट अदालत में प्रस्तुत करेगी। मामले की अगली सुनवाई 6 मई को निर्धारित की गई है।

****

महिला आरक्षण की दिशा में केंद्र सरकार की पहल का देशभर में व्यापक स्वागत हो रहा है। इस पहल का लक्ष्य नीति निर्माण में महिलाओं की भागीदारी बढ़ाना है। पद्मश्री छूटनी महतो ने भी इस कदम की सराहना करते हुए इसे महिला सशक्तिकरण की दिशा में ऐतिहासिक पहल बताया है।

****

झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री चंपई सोरेन ने कहा है कि वे बोकारो के विस्थापित परिवारों से सीधे संवाद कर उनकी समस्याओं को समझेंगे। उन्होंने कहा कि विस्थापितों के अधिकारों के लिए हरसंभव प्रयास किए जाएंगे।

****

प्रमंडलीय आयुक्त, उत्तरी छोटा नागपुर प्रमंडल, हजारीबाग सह अध्यक्ष जेआरडीए मनोज कुमार की अध्यक्षता में धनबाद समाहरणालय सभागार में जेआरडीए प्रबंध पर्षद की 36वीं बैठक आयोजित की गई। बैठक में बीसीसीएल के सीएमडी,मनोज अग्रवाल ने कहा कि बीसीसीएल और जेआरडीए मिलकर काम कर रह है।

****

घरेलू शेयर बाजार के संवेदी सूचकांक शुरुआती सत्र में लगभग एक प्रतिशत की बढ़त के साथ कारोबार कर रहे थे। अंतिम समाचर मिलने तक सेंसेक्स 77 हजार तीन सौ एक और निफ्टी 23 हजार नौ सौ 80 पर था।

****

राजधानी रांची के सर्राफा बाजार में आज 22 कैरेट सोने की कीमत एक लाख 41 हजार रूपये प्रति दस ग्राम है, जबकि चांदी की कीमत 2 लाख 50 हजार रूपये प्रति किलो है।

****

आई पी एल क्रिकेट में आज राजस्थान रॉयल्स का सामना रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरू से होगा। यह मुकाबला आज शाम साढ़े सात बजे से गुवाहाटी में खेला जाएगा।

इससे पहले कल, लखनऊ सुपर जाएंटस ने एक रोमांचक मुकाबले में कोलकाता नाइट राइडर्स को तीन विकेट से हराया।

*********समाप्त**********